प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.02.2026/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

सुक्खू दिल्ली दौरा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज दिल्ली दौरे पर रवाना हो गए हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि केन्द्र द्वारा आर डी जी का प्रावधान बंद कर हिमाचल के साथ अन्याय किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय हिमाचल को 54 हजार करोड़ आरडीजी मिली, 16 हजार करोड़ जीएसटी कंपनसेशन मिला लेकिन कांग्रेस को केवल 17 हजार करोड़ आर.डी.जी तीन साल में मिला है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सरकार कड़े फैसले लेकर हिमाचल प्रदेश के विकास को आगे ले जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में न विकास परियोजनाएं प्रभावित होने दी जाएगी न ही कर्मचारियों व पेंशनरों का वेतन व पेंशन प्रभावित होने दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री से भी आरडीजी के मामले को लेकर समय मांगा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के हक के लिए वे अपनी आवाज उठाएंगे।

सुक्खू दिल्ली दौरा–2

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश हित में सभी को दलगत राजनीति से उपर उठकर केन्द्र के समक्ष अपनी आवाज उठानी चाहिए। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर वित्त विभाग की तरफ से दी गई प्रेजेंटेशन में नहीं आए और झूठ बोल रहे हैं कि उन्हें वित्त सचिव के माध्यम से चिट्ठी भेजी गई जबकि मैने खुद उन्हें चिट्ठी लिख कर बुलाया था।

लोकसभा–विकसित भारत जी–राम जी

केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा है कि विकसित भारत –रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम केवल एक रोजगार कार्यक्रम नहीं बल्कि ग्रामीण विकास को गति देने के लिए तैयार किया गया एक व्यापक ढांचा है। कमलेश पासवान ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उन्होंने कहा कि यह अधिनियम प्रत्येक ग्रामीण परिवार को एक वित्तीय वर्ष में सौ दिनों के बजाय एक सौ पच्चीस दिनों के मजदूरी रोजगार की गारंटी देता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि निर्धारित समय के भीतर रोजगार प्रदान नहीं करने की स्थिति में श्रमिक को अनिवार्य बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम में रोजगार और आजीविका सुरक्षा दोनों को कानूनी अधिकारों के रूप में संरक्षित किया गया है।

पौंग बांध

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जैव विविधता के लिए विख्यात पौंग झील क्षेत्र में यूरोप और पश्चिमी एशिया से हजारों किलोमीटर का सफर तय कर लाखों परिंदे पहुंचे हैं। पौंग झील वैट लैंड क्षेत्र में प्रवासी पक्षियों की गणना के दौरान पहली बार अत्यंत दुलर्भ सॉन्ग थ्रश पक्षी की मौजूदगी दर्ज हुई है। ये प्रजाति भारतीय उप–महाद्वीप में सामान्य रूप से नहीं मिलती। वन्य प्राणी विभाग के वन मंडल अधिकारी रेजीनोल रायस्टन ने बताया कि इस बार सबसे अधिक हैडिड गीज प्रजाति के पक्षी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन पक्षियों की गणना की प्रक्रिया जारी है और झील क्षेत्रों को 25 सेक्टरों में बांटकर गणना की जा रही है।

लोकसभा–पीएम किसान

प्रधानमंत्री–किसान योजना की शुरुआत से लेकर अब तक केन्द्र सरकार ने 21 किस्तों में चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की है। कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री–किसान योजना एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फरवरी 2019 में किसानों की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए इसकी शुरूआत की थी।